FA	2

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षाः	पहली	विषय :	गणित
Paper Code:	1031	पूर्णांक :	10

निर्देश– खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड 'अ' **(अंक 05)**

LO – M-106 - छोटी लंबाइयों का अनुमान लगाना, अमानक इकाइयों जैसे उंगली, बित्ता, भुजा, कदम आदि की सहायता से नापना।

गतिविधि–1

- कक्षा के सभी बच्चों को उनके घर के चौखट की चौड़ाई अंदाज से बताने को कहें (जैसे हाथों को फैलाकर आदि)।
- उस अनुमानित लंबाई का धागा प्रत्येक बच्चे को देवें।
- फिर उस धागे के टुकड़े से घर के चौखट को माप कर उसके बराबर धागा तोड़कर लाने को कहेंगे।
- प्रत्येक बच्चे द्वारा लाये गये धागे के टुकड़े को बित्ते/कदम से मापकर चौड़ाई बताने को कहेंगे।

गतिविधि–2

- कक्षा कक्ष को सुविधानुसार अथवा 4–4 के समूह में बाँट लेंगे।
- प्रत्येक समूह को समान लंबाई की टहनी/डंडा देंगे।
- प्रत्येक समूह को टहनी/डंडे को अपने–अपने बित्ते/अंगुल से मापने को कहेंगे।

गतिविधि–3

- कक्षा को सुविधानुसार अथवा 4–4 के समूह में बाटेंगे।
- अनुमान से उस समूह के सबसे लंबे बच्चे की उंचाई बताने को कहेंगे।
- अब कक्षा की दीवार पर समूह के उस लंबे बच्चे की ऊँचाई का निशान लगा लेंगे।
- प्रत्येक समूह के लंबे बच्चे की ऊँचाई बित्ते से मापने को कहेंगे।

खण्ड 'ब' **(अंक 05)**

LO - M107 - आकृतियों तथा संख्याओं का पैटर्न का अवलोकन, विस्तार तथा निर्माण कर सकता है। उदाहरणार्थ – आकृतियों/वस्तुओं/संख्याओं की व्यवस्था।

गतिविधि–1

- कक्षा को सुविधानुसार समूह में बाँट लेंगे।
- प्रत्येक समूह के लिए ड्राइंग शीट / सादे पेपर में एक बड़े डब्बे के अंदर चित्रानुसार गोला, तिकोन व चौकौन आकृति बनायें।
- प्रत्येक समूह के लिए गोला, तिकोन व चौकौन आकृतियों की संख्या अलग–अलग होगी।
- प्रत्येक समूह को यह कागज उपलब्ध करायेंगे। प्रत्येक समूह को गोला, तिकोन व चौकौन आकृतियाँ गिनने को देंगे।



गतिविधि–2

- कक्षा को सुविधानुसार /4–4 के समूह में विभाजित करें।
- प्रत्येक समूह के लिए चित्रानुसार ड्राइंग शीट / सादे पेपर में अलग–अलग पैटर्न (संख्याओं के) बना कर देंगे।
- प्रत्येक समूह को यह कागज उपलब्ध करायेंगे। प्रत्येक समूह को पैटर्न को पूर्ण करने को कहेंगे।



गतिविधि–3

- कक्षा को सुविधानुसार/4–4 के समूह में विभाजित करें।
- प्रत्येक समूह को कंकड़, पतली टहनी, चॉक, इमली बीज, अलग–अलग आकारों के पत्ते, कंचे, पत्थर आदि – चीजें उपलब्ध करायेंगे।
- प्रत्येक समूह को आकार के आधार पर/एक जैसे चीजें अलग–अलग करने को कहेंगे।

●●●